भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 5636

(06.04.2022 को उत्तर के लिए)

सी.पी.जी.आर.ए.एम.एस.

5636. श्री विष्णु दयाल राम :

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सी.पी.जी.आर.ए.एम.एस) में दर्ज की गई शिकायतों की वर्ष-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान कुल कितनी शिकायतों का समाधान किया गया है; और

(ग) दी गई अवधि के दौरान कितनी शिकायतों के मामले में अपील की गई है ?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय एवं राज्य मंत्री, प्रधानमंत्री का कार्यालय

(डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) और (ख) : केन्द्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) में दर्ज की गई और विगत तीन वर्षो के दौरान तथा चालू वर्ष में निपटाई गई (पूर्व वर्ष से अग्रेनीत शिकायतों सहित) शिकायतों की वर्षवार संख्या निम्नानुसार है :-

क्रम सं.	वर्ष	सीपीग्राम्स में प्राप्त शिकायतों की संख्या	पूर्व वर्ष से अग्रेनीत शिकायतों सहित निपटाई गई शिकायतों की संख्या
1.	2019	2711455	1639852
2.	2020	3342873	2319569
3.	2021	3023894	2135923
4.	2022 (31 मार्च तक)	1332567	418451

(ग) : सीपीग्राम्स में दिनांक 20.01.2021 से अपील तंत्र आरंभ किया गया । अपील तंत्र आरंभ होने की तारीख से और 31 मार्च, 2022 तक सीपीग्राम्स में कुल 98337 अपील दायर की गई हैं ।

*****